# एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा लघु एवं सीमांत कृषक परिवारों में समन्वित कृषि प्रणाली को बढावा देने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा लक्ष्मीपुरा चित्तौड़गढ़ में किया आयोजित किया।

प्रशिक्षण के आरम्भ में निदेशक प्रसार शिक्षा एवं प्रोजेक्ट इन्चार्ज डॉ. आर.ए. कौशिक ने कृषक महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि समन्वित कृषि प्रणाली एक ऐसी प्रणाली है जिसमें कृषि के विभिन्न उद्यमों जैसे- फसल उत्पादन, पशुपालन, फल एवं सब्जी उत्पादन, मछली उत्पादन, मुर्गीपालन, दुग्ध एवं खाद्य प्रसंस्करण, वानिकी इत्यादि का इस प्रकार समायोजन किया जाता है कि ये उद्यम एक-दूसरे के पूरक बनकर किसानों को निरन्तर आमदनी प्रदान करते हैं। समन्वित कृषि प्रणाली में संसाधनों की क्षमता का न केवल सदुपयोग होता है अपितु उत्पादकता एवं लाभप्रदता में भी शीघ्रतिशीघ्र वृद्धि होती है। समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाने से कृषि लागत में कमी आती हैं एवं रोजगार तथा आमदनी में वृद्धि होती हैं। प्रशिक्षण में डॉ. लतिका व्यास, आचार्य ने कौशल विकासा पर चर्चा कि ओर बताया की भारतवर्ष में युवाओं की आबादी दुनियाभर में सबसे ज्यादा है और इनमें से आधे युवा 25 वर्ष की आयु से कम के हैं। भारत में जनसांख्यिकीय लाभ के वर्णन में देखा जाये तो प्रत्येक वर्ष 8 लाख लोग नये रोजगार की तलाश करते हैं जिसमें सिर्फ 5.5 लाख रोजगारों का सृजन हो पाता है। प्रशिक्षण दौरान डॉ. कपिल देव आमेट, सह-आचार्य, उद्यानिकी विभाग ने कहा की कम जमीन में आमदनी को बढाने हेतु फसलो के साथ- साथ सब्जीयो की खेती करना चाहिए व बताया की फसलों में नर्सरी का विशेष महत्व होता हैं,जैसे टमाटर, बैंगन, मिर्ची, शिमला मिर्च, फूल गोभी, पत्ता गोभी, गांठ गोभी, ब्रोकली, बेसील, सेलेरी, पार्सले, लेट्यूस, पाकचोई, प्याज इत्यादि। साथ ही प्रौ ट्रे में कद्दूवर्गीय सब्जियां जैसे- खीरा, लोकी, तुरई, करेला, कदु, तरबूज, खरबूज की भी नर्सरी तैयारी की तकनीकी जानकारी का विस्तृत वर्णन किया।


## कार्यालय नगर पालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर ( राज. )

क्रमांकः-न.पा.फ.स./2024-25/455 दिनांक :27/06/2024

### -: लोक सूचना:-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र कृषि भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन नियम 2012 के तहत प्रारूप 14 नियम 16 के अन्तर्गत आवेदन प्रस्तुत किये गये है। किसी व्यक्ति को उक्त भूमि का नियमितिकरण संबंधी आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के पालिका में प्रस्तुत करें। बाद मयाद आवेदक के नाम से नियमन कर दिया जाएगा। जिसके पडौस रजिस्ट्री पत्र/ विक्रय इकरार नामा के आधार पर निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | ले-आउट अनुसार भूखण्ड संख्या | क्षैत्रफल वर्गफीट | क्षैत्र का नाम ( कॉलोनी ) | पडौस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नीतू कुमारी पत्नी श्री प्रवीण कुमार जी यादव निवासी निलोद तहसील भुपालसागर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) | सनवाड़ | 5229 | - | 2115 वर्गफीट | वार्ड नं.-21 पॉवर हाउस के पीछे, फतहनगर | पूर्व-श्रीमती इन्द्र यादव एवं श्री दिनेश यादव का भुखण्ड पश्चिम-श्री गजेन्द्र सिंह रावल की जमीन उत्तर-अन्य भूमि दक्षिण-आम रास्ता |

**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका फतहनगर सनवाड़**



## कार्यालय नगर पालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर ( राज. )

क्रमांकः-न.पा.फ.स./2024-25/430 **-:ऊजरदारी सूचना:-** दिनांक : 25/06/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित ने आवेदक द्वारा उपविभाजन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के "पुश्तैनी" एवं खरीदशुदा मकान/भूखण्ड का उपविभाजन चाहा गया है। इस बाबत इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते है। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी तथा उपविभाजन जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | मूल पट्टा धारी का नाम | स्थित मकान/भूखण्ड के पडौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट मे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1 | श्री प्रहलाद कुमार मण्डोवरा पिता श्री नाथुलाल जी मण्डोवरा निवासी-फतहनगर वार्ड नं.20 तहसील-मावली जिला उदयपुर (राज.) | श्री उर्मिला पत्नि ओम प्रकाश, श्रीमती सीमा पत्नि विकास जी,चंचल कुमार, गणपत लाल जी पिता परशराम जी | आम रास्ता | आम रास्ता | अन्य भूमि | आम रास्ता | 11400 |

**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका फतहनगर सनवाड़**


# अनैतिक काम कराने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। प्रतापनगर एवं गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने होटलों में दबीश दे रोजगार दिलाने का झांसा देकर युवतियों से अनैतिक काम कराने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा पन्द्रह लडकियों को रेस्क्यू किया।



**उदयपुर के प्रतापनगर थाना पुलिस टीम ने देह व्यापार के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित एवं गजेन्द्रसिंह राव के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी, गोवर्धन विलास थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत, स्पेशल टीम प्रभारी देवेन्द्र देवल के नेतृत्व में गठित दल ने विभिन्न होटलों पर कार्यवाही की। इस दौरान प्रतापनगर थाना एएसआई मोहन सिंह मय टीम ने ढिकली स्थित रूद्र विहार विला पर पहुंच कर दबीश दी इस दौरान वहा मौजूद दिल्ली से आई तीन महिलाओं को रेक्स्यू कर दलाल सुनिल कुमार पुत्र सतबीर सिंह यादव निवासी पहलवास रेवाड़ी हरियाणा एवं तारक कीर्तनिया पुत्र गोपाल कीर्तनीया तपस्ली निवासी तुगलकाबाद एक्सटेंशन काकाजी दक्षिणी दिल्ली को गिरफ्तार किया।

वहीं एसआई रणजीतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने देबारी क्षैत्र में स्थित डायमंड गेस्ट हाउस पर दबिश दे एमपी से लाई गई दो महिलाओं को रेस्क्यू कर गेस्ट हाउस संचालक मावराम पुत्र उदा पटेल निवासी कराकला बम्बोरा को गिरफ्तार किया। इसी तरह एसआई महेश जोशी के नेतृत्व में गठित टीम ने पुराना आरटीओ रोड़ स्थित सांवरिया गेस्ट हाउस पर छापामार मध्यप्रदेश एवं दिल्ली से झांसा देकर लाई गई चार महिलाओं को रेस्क्यू कर गेस्ट हाउस संचालक महेन्द्र पुत्र केवा पटेल निवासी गींगला को गिरफ्तार किया।

अभियान के दौरान गोवर्धन विलास थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत के नेतृत्व में टीम दल ने बलिचा स्थित होटल सिटी प्राईड पर पहुंच कर दबीश दी। जहां मौजूद 6 लडकियों द्वारा इवेंट का काम कराने का झांसा देकर बुलाने देह व्यापार के धंधे में लगाने की जानकारी मिलने पर लडकियों को रेस्क्यू कर अशोक पुत्र देवीलाल कलाल को गिरफ्तार किया। इस दौरान मौका मिलने पर संचालक जयेश पाटीदार व जगदीश पटेल फरार हो गए। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि शहर में होटलों में इवेंट का काम करने का झांसा देकर बाहर से महिलाओं एवं लड़कियों को बुला कर उनसे देह व्यापार कराने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने कार्यवाही की।

## संसद घेराव में लिया भाग

**उदयपुर,**(कासं)। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के नेतृत्व में केंद्र की पेपर लीक सरकार के खिलाफ उदयपुर देहात युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस उदयपुर देहात कार्यकारी बालू भील के नेतृत्व में भाग लिया। गोगुन्दा विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष कार्यकारी शक्तिसिंह झाला ने बताया कि पेपर लीक सरकार के खिलाफ हल्ला बोल संसद घेराव में नीट परीक्षा में हुई धांधली व पेपर लीक से देश के करोड़ो छात्रों का भविष्य खराब करने वाली केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का आव्हान किया। इस दौरान देहात जिला कांग्रेस महासचिव कुशलेश चौधरी, गोगुन्दा विधानसभा के युवा कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश जोशी, मावली विधानसभा युवा कांग्रेस महासचिव योगेश पुष्करणा आदि मौजूद रहे।

# नकबजनी व ठगी की वारदात का खुलासा

**उदयपुर,**(कासं)। शहर की सुखेर थाना पुलिस ने नकबजनी एवं ठगी के मामले में महिला सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार 10 मई को पीडित पदमा मेघवाल निवासी प्रतापपुरा सुखेर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि दोपहर में मेरे घर पर कोई नहीं था। सांय में घर लौटी तो सामान बिखरा पड़ा मिला एवं एक किलों से अधिक चांदी के जेवर, पांच छह तोला सोने के जेवर गायब थे। पडताल की तो मकान की खिड़की की ठील टूटी हुई थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र खटीक के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान शुरू किया। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने पीडित को फोन कर घर में चोरी होने की सूचना देकर वाट्सप पर चोरी हुए बैग का फोटो डाल कर पीडित से 20 हजार की ठगी कर ली। इस मामले में अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर हरीश उर्फ हीरालाल उर्फ हीरा निवासी मादा की बस्ती दिवेर राजसमन्द, कंचन सालवी पुत्री चुन्नीलाल साल्वी निवासी मादा की बस्सी नदासा का गुडत्रा दीवेन राजसमन्द, भूपेन्द्र भाट निवासी खोखतों का बाड़ीया कामलीघाट देवगढ राजसमंद, विशाल कुमार भाट निवासी न्यू विजय कॉलोनी भीम राजसमन्द, नरेन्द्रसिंह निवासी इन्द्रा कॉलोनी भीम राजसमन्द को गिरफ्तार किया।


भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
चिकित्सा अधीक्षक का कार्यालय
OFFICE OF THE MEDICAL SUPERINTENDENT
सफदरजंग अस्पताल एवं बी.एम.एम.कॉलेज
VMMC & SAFDARJUNG HOSPITAL
नई दिल्ली-110029 New Delhi-110029

File No.: RECTT-1/2/2023-RECRUITMENT CELL Dated: 22.02.2024

## VACANCY CIRCULAR

**Subject: Filling up of the posts on deputation basis in Safdarjung Hospital-reg**

Applications are invited from the eligible candidates for filling up of the following posts on Deputation basis in VMMC & Safdarjung Hospital, New Delhi.

2. Details of vacancies/pay band are as under:

| SI.No. | Name of the post | Lavel as per pay Matrix | Total Vacancies |
|---|---|---|---|
| 1. | Officer in charge (Ambulance) | Level 7 (Rs. 44900- Rs. 142400) | 01 |
| 2. | Senior Plaster Technician | Level 4 Rs. 25500-Rs. 1100) | 01 |
| 3. | Administrative Officer | Level-8 (Rs 47600-151100) | 04 |

**Note:- There is no possibility of absorption in all the above- mentioned posts.**

3. For detailed advertisement, Instructions, eligibility requirements, age limit, application forms, annexures etc. please visit the website of Safdarjung Hospital (www.vmmc-sjh.nic.in)

4. The applications along with all the necessary documents as details in the notice of advertisement available on the website of Safdarjung Hospital, are to be submitted in the prescribed application. The Applications will be received in Diary Section, near Gate No. 2 of VMMC & Safdarjung Hospital, New Delhi within 30 days from the date of issue of advertisement in Employment News on any working days i.e Monday to Friday from 9.00 AM to 4.00PM and on Saturday 9.00AM to 1.00PM. (However, if last date for submission of applications falls on national holiday, Sunday or any other holiday declared by Government of India, the next working day will be assumed as closing date)

**(Ashok Kumar Pal)**
**Deputy Director (Admn)**

CBC 17145/11/0002/2425



## कार्यालय नगर पालिका छोटी सादडी जिला-प्रतापगढ (राज.)

क्रमांक/न.पा.छो.सा/हस्ता./भ.नि.स्वी./24-25/ **उजरदारी सूचना-पत्र** दिनांक: 25.06.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदको द्वारा मय आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निर्माण स्वीकृति एंव हस्तानान्तरण/उपविभाजन हेतु नगरपालिका में आवेदन पेश किया है। उक्त भूखण्ड/मकान के निर्माण स्वीकृति एंव हस्तानान्तरण/उपविभाजन के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज हो, तो मय आवश्यक दस्तावेजो के 07 दिवस में अपना, एतराज लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे। बाद अवधि किसी भी प्रकार का एतराज मान्य नही होगा और संबंधित के नाम भूखण्ड/प्लाट का हस्तान्तरण एंव निमार्ण स्वीकृति/उपविभाजन की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। पत्रावलियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क. सं. | आवेदनकर्ता का नाम (क्रेता का नाम) | नाम विकेता | हस्तान्तरित/निर्माण स्वीकृति भूखण्ड/मकान का स्थान | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जिलानी पिता जमील हुसैन मंसुरी छोटीसादडी | श्री ओमप्रकाश पिता राधेश्याम सुथार, छोटीसादडी | अचलपुरा रोड, छोटीसादडी | 542.5 वर्गफीट |
| 2 | श्री आजादर नाहर पिता फतेहलाल नाहर, छोटीसादडी | – | हिन्दु चौराहा छोटीसादडी | 544 वर्गफीट |
| 3 | श्री कारूलाल पिता नारायण लाल कुमावत, छोटीसादडी | श्री दिनेश कुमार पिता भगवतीलाल जयसवाल, छोटीसादडी | पुलिस स्टेशन से नीमच रोड, चुंगी नाका तक का क्षेत्र, छोटीसादडी | 452 वर्गफीट |
| 4 | श्री नरेन्द्र राव मराठा पिता भेरूराव मराठा, छोटीसादडी | श्रीमति सीमा राव पत्नि संजय राव मराठा, छोटीसादडी | गांधी चौराहा से अचलपुरा जाने वाले मार्ग पर, छोटीसादडी | 1080 वर्गफीट |
| 5 | श्री वेद प्रकाश पिता कारूलाल कुमावत, छोटीसादडी | श्री विनयचन्द पिता अमृतलाल लसोड, नि. छोटीसादडी हाल जलोदा जागीर, छोटीसादडी | रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, छोटीसादडी | 1753.5 वर्गफीट |
| 6 | श्रीमति स्नेहलता पत्नि शोभा लाल आंजना, छोटीसादडी | – | राजस्व कॉलोनी के पीछे, तहसील कार्यालय के पास, छोटीसादडी | 1266 वर्गफीट |
| 7 | श्रीमति स्नेहलता पत्नि शोभा लाल आंजना, छोटीसादडी | – | राजस्व कॉलोनी के पीछे, तहसील कार्यालय के पास, छोटीसादडी | 1272 वर्गफीट |
| 8 | श्रीमति अलका धोबी पत्नि दीपक धोबी, छोटीसादडी | श्रीमति लक्ष्मी बाई पत्नि हीरालाल गांछा, छोटीसादडी | गोमाना दरवाजा बोहर, विद्या निकेतन स्कुल के सामने, छोटीसादडी | 921.66 वर्गफीट |
| 9 | श्री गुणवंत लाल पिता शंकरलाल आंजना, नि. बसेडा, छोटीसादडी | श्री राजमल पिता शंकरलाल आंजना, बसेडा, छोटीसादडी | निम्बाहेडा रोड, गोकुल धाम सोसायटी, छोटीसादडी | 1200 वर्गफीट |

राज.संवाद/सी/1379/2024-25 **अधिशाषी अधिकारी**



# राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट)

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

जनशक्तिकरण राष्ट्रीय सेवा में


इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

सत्यमेव जयते

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त वैज्ञानिक संस्था

## सम्पूर्ण भारत में उपस्थिति

52 नाइलिट केंद्र
700+ मान्यता प्राप्त संस्थान
9000+ सुविधा केंद्र




## डिग्री कोर्स

(2024-25 सत्र)

| स्नातकोत्तर मास्टर डिग्री कोर्स | अंतिम तिथि एवं केंद्र |
|---|---|
| एम.टेक.-इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन एवं टेक्नोलॉजी | (कालीकट में 12 जून, गोरखपुर में 31 अगस्त) |
| एम.टेक.- एंबेडेड सिस्टम | (कालीकट में 12 जून) |
| एम.टेक.- वी.एल.एस.आई डिजाइन | (गोरखपुर में 31 अगस्त) |
| मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन | (आइजोल में 28 जून, इंफाल में 19 जुलाई, कश्मीर में 30 जून) |
| मास्टर ऑफ साइंस (इलेक्ट्रॉनिक्स) | (आइजोल में 28 जून) |
| एम. एससी. कंप्यूटर साइंस, (डाटा साइंस स्पेशलिटी सहित) | (रोपड़ में 10 जून) |
| एम.एससी. इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी | (रोपड में 19 जून, इंफाल में 19 जुलाई, कश्मीर में 30 जून) |
| **स्नातक डिग्री कोर्स** | **अंतिम तिथि एवं केंद्र** |
| कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक | (रोपड़ में 10 जून, अगरतला में 14 अगस्त, आइजोल में 28 जून इंफाल में 21 जून, कश्मीर में 30 जून) |
| बी.एस.सी. (आनर्स)- कंप्यूटर साइंस | (रोपड़ में 10 जून) |
| बी.एस.सी.-इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी | (कश्मीर में 30 जून) |
| **डिप्लोमा कोर्स** | **अंतिम तिथि एवं केंद्र** |
| कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा | (रोपड़ में 10 जून, इंफाल में 19 जुलाई) |
| कंप्यूटर साइंस और टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा | (अगरतला में 14 अगस्त) |
| इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन में डिप्लोमा | (अगरतला में 14 अगस्त, आइजोल में 28 जून) |
| कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग में डिप्लोमा | (आइजोल में 28 जून, इंफाल में 21 जून 2024) |
| इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा | (इंफाल में 21 जून 2024) |

### इलेक्ट्रॉनिक की एवं सूचना प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास

- सुस्थापित इनोवेशन इनक्यूबेशन एवं स्टार्ट अप सैल
- सुस्थापित ऑनलाइन रिमोर्ट हार्डवेयर प्रयोगशाला
- विकसित स्वदेशी कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड सेंटर
- डिजिटल फोरेसिक डाटा केन्द्र एवं अन्वेषण प्रयोगशाला की स्थापना

एन.सी.वी.ई.टी अनुमोदित
APPROVED
प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदाता निकाय और मूल्यांकन एजेंसी

नाइलिट मान्यता प्राप्त संस्थानों की सूची के लिए
स्कैन करें

## डिजिटल सशक्त राष्ट्र निर्माण की ओर

पिछले 3 वर्षों में
24.26 लाख+
युवाओं को कुशल बनाया




तकनीकी शिक्षा में परिवर्तन

## नाइलिट वर्चुअल अकादमी

एक आधुनिकतम एआई युक्त ऑनलाइन प्लेटफार्म जो प्रौद्योगिकी एवं मनोविज्ञान परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए विद्यार्थीयों पेशेवरों एवं संगठनों की उभरती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सदैव अध्ययन अनुभव उपलब्ध करा रहा है।

निजीकृत वार्ता सामग्री
सहयोगात्मक अध्ययन एवं सहकर्मियों से वार्ता
मोबाइल द्वारा अभिगम्यता एवं समर्थन
वर्चुअल सिमुलेशन प्रयोगशाला
मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र
स्थानीय भाषा में समर्थन

पंजीकरण के लिए
स्कैन करें

CBC/06102/12/0002/2425

**संपर्क करें:** नाइलिट भवन, प्लॉट नंबर 3, पीएसपी पॉकेट, सेक्टर -8, द्वारका, नई दिल्ली -110077 कॉल सेंटर :- 91-11-2530 8303 contact@nielit.gov.in @NIELITIndia